# कार्यालय प्राचार्य,
# अग्रणी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कवर्धा
सरोदा बांध रोड,ग्राम–तारो खैरबना जिला – कबीरधाम (छ.ग.)पिन–491995
Email- itikwrd@rediffmail.com Mob. 7772974779


Industrial Training Institute

क्रं. / औ.प्र.सं. / कवर्धा / स्थाप / मेह.प्रव. / 2025 / 1901 / कवर्धा,दिनांक 23 / 09 / 2025

## / / विज्ञप्ति / /

इस अग्रणी संस्था के अंतर्गत आने वाले विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण सत्र 2025 – 26 एवं 2025–27 के लिए व्यवसाय–फिटर एवं वर्कशॉप कैल्कुलेशन एण्ड सांईस एवं इंजीनियरिंग ड्राईंग के प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु संबंधित व्यवसाय / विषय के प्रशिक्षण अधिकारी के स्वीकृत पदों के रिक्त पदों के विरुद्ध मेहमान प्रवक्ता (गेस्ट लेक्चरर) के लिये निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र दिनांक 13 / 10 / 2025 समय 5:30 बजे तक शास. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कवर्धा जिला– कबीरधाम (छ.ग.) में आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक अभ्यर्थी शास. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था,कवर्धा,जिलाःकबीरधाम (छ.ग.) में निर्धारित प्रारुप में आवेदन केवल स्पीड के माध्यम से ही जमा कर सकते हैं। विज्ञापन का विवरण इस संस्था के सूचना पटल पर देखा जा सकता हैं तथा आवेदन पत्र का प्रारुप कार्यालय प्राचार्य, शास. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था,कवर्धा जिलाःकबीरधाम (छ.ग.) से कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है अथवा वेबसाईड kawardha.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

23/09/2025

प्राचार्य,,
अग्रणी शास. औद्यो. प्रशिक्षण संस्था, कवर्धा
जिला–कबीरधाम (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य,
अग्रणी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कवर्धा
सरोदा बांध रोड,ग्राम–तारो खैरबना जिला – कबीरधाम (छ.ग.)पिन–491995
Email- itikwrd@rediffmail.com Mob. 7772974779

Industrial Training Institute

क्रं./औ.प्र.सं./कवर्धा/स्थाप/मेह.प्रव./2025/ 1902 /कवर्धा,दिनांक 23/09/2025

//विज्ञापन//

संचालनालय,रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़,अटल नगर,नवा रायपुर द्वारा मेहमान प्रवक्ता आमंत्रित करने हेतु अद्यतन जारी आदेश/निर्देश तथा संयुक्त संचालक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थायें ,क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग क्षेत्र दुर्ग के अनुमोदन अनुसार अग्रणी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कवर्धा जिला–कबीरधाम (छ.ग.) के अंतर्गत जिला–कबीरधाम में संचालित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण अधिकारी के स्वीकृत पदों के रिक्त पदों के विरुद्ध विभिन्न व्यवसायों/विषयों के लियें प्रशिक्षण सत्र 2025–26 एवं 2025–27 हेतु मेहमान प्रवक्ता (गेस्ट लेक्चरर) हेतु निर्धारित प्रारुप में आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 13/10/2025 को समय अपरान्ह 5:30 बजे तक है। आवेदको द्वारा स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही प्राप्त आवेदन स्वीकार किये जायेंगे। निर्धारित अंतिम तिथि एव संमय के पश्चात् प्राप्त /जमा आवेदनो पर विचार नही किया जावेगा।

संस्थावार /व्यवसायवार/विषयवार मेहमान प्रवक्ता आमंत्रित करने हेतु रिक्त पदों की जानकारी ,शैक्षणिक योग्यता तकनीकी योग्यता एवं निर्धारित मापदंड निम्नानुसार हैः–

**1. रिक्त पदों की जानकारीः–**

| सरल कमांक | व्यवसाय/विषय का नाम | औप्रसं का नाम | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| 1 | फिटर | शास. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पण्डरिया | 01 पद |
| 2 | वर्कशॉप कैलकुलेशन एण्ड सांईस एवं इंजीनियरिंग ड्राईंग | शास. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पण्डरिया | 01 पद |

**2. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यताः–**

| कमांक | व्यवसाय का नाम | शैक्षणिक / तकनीकी योग्यता (वर्तमान प्रचलित सेवा भर्ती नियम के अनुसार) |
|---|---|---|
| 1 | फिटर | 1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाईस्कूल अथवा पुरानी पद्धति से 11वीं अथवा समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण हो।<br>2. अभ्यर्थी सम्बधित ट्रेड मे राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण पत्र /राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र/ राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद से राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र / मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से मेकेनिकल /प्रोडक्शन एवं मैन्युफैक्चरिंग इंजीनियरिंग या समतुल्य संकाय में उपाधि /पत्रोपाधि उत्तीर्ण।<br>3. अभ्यर्थी, जो डीजीटी के उच्च प्रशिक्षण संस्थानों से ( ए.टी.आई./सी.टी.आई./एन.व्ही.टी.आई./आर.व्ही.टी.आई./आई.टॉट) से उत्तीर्ण हो । |
| 2 | वर्कशॉप केलकुलेशन एण्ड सांईस एवं इंजीनियरिंग ड्राईंग | 1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाईस्कूल अथवा पुरानी पद्धति से 11वीं अथवा समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण हो।<br>2. अभ्यर्थी सम्बधित ट्रेड मे राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण पत्र /राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र/ राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद से राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र / मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से मेकेनिकल इंजीनियरिंग में उपाधि/पत्रोपाधि उत्तीर्ण।<br>3. अभ्यर्थी , जो डीजीटी के उच्च प्रशिक्षण संस्थानों से ( ए.टी.आई./सी.टी.आई./एन.व्ही.टी.आई./आर.व्ही.टी.आई./आई.टॉट) से उत्तीर्ण हो । |



प्राचार्य
शास.औ.प्रशि.संस्था,कवर्धा
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

**3. अंकों का निर्धारण एवं चयन प्रकिया:–**

1). प्रचलित सेवा भर्ती नियम में जिन पदों के लिये सी.टी.आई /ए.टी.आई.आवश्यक है,उन पदों के लिये व्यवसाय /विषय में एकवर्षीय सी.टी.आई /ए.टी.आई **(CITS/NCIC)**उत्तीर्ण प्रमाण पत्र धारी अभ्यर्थियों के तकनीकी योग्यता के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर चयन किया जाएगा।

2). एकवर्षीय सी.टी.आई /ए.टी.आई **(CITS/NCIC)** प्रमाण–पत्र धारी अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में निर्धारित तकनीकी योग्यताधारी आवेदकों के चयन की कार्यवाही उनके तकनीकी योग्यता के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी।

3). जिन व्यवसायों के लिए हल्के मोटर यान (एल.एम.व्ही.) का वैध (परमानेंट) लाईसेंस अनिवार्य है उन व्यवसायों उक्त प्रमाण पत्र वैध (परमानेंट) लाईसेंस की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

4) मेहमान प्रवक्ता के रुप में चयन उपरांत यदि वह संस्था द्वारा निर्धरित की गई अवधि तक कर्त्तव्य पर उपस्थित नही होता है तो उसका चयन स्वयमेव निरस्त माना जाकर प्रतीक्षा सूची के सरल कमांक 01 को अवसर दिया जायेगा। इसी क्रम से प्रतीक्षा सूची के अन्य आवेदकों को अवसर दिया जाएगा।

5) किसी व्यवसाय मे विज्ञापित पदों की संख्या के अतिरिक्त मेहमान प्रवक्ता की आवश्यकता होने की स्थिति में जिले के उस व्यवसाय के लिये तैयार की गई प्रतीक्षा सूची से उसकी पूर्ति करने के लिए जिले के अग्रणी संस्था के प्राचार्य निर्णय ले संकेंगे।यदि उस जिले में उस व्यवसाय की प्रतीक्षा सूची में उम्मीदवार उपलब्ध नही है तो अन्य जिले के प्रतीक्षा सूची से पूर्ति करने के लिए क्षेत्रीय संयुक्त संचालक निर्णय ले सकेंगे।

6) व्यवसाय स्टेनोग्राफर सेकेट्रियल असिस्टेंट (हिन्दी) एवं स्टेनोग्राफर सेक्रेट्रियल असिस्टेंट (अंग्रेजी) के लियें प्राप्त आवेदनों में शीघ्रलेखन में 100 शब्द प्रति मिनट की गति वाले अभ्यर्थी उपलब्ध न हो तो संयुक्त संचालक स्वयं के स्तर पर निर्णय लेकर 80 शब्द प्रतिमिनट की गति की योग्यता वाले अभ्यर्थियों पर भी विचार कर सकेंगें। **इन व्यवसायों हेतु प्राप्त आवेदकों की शीघ्रलेखन दक्षता परीक्षा ली जाकर नियमानुसार चयन की प्रकिया की जाएगी।**

7) इसी प्रकार एम्प्लाएबिलिटी स्किल में प्राप्त आवेदनों में यदि निर्धारित योग्यता के अभ्यर्थी उपलब्ध न हो तो बीएड आदि के मामले में संयुक्त संचालक स्वं के स्तर पर निर्धारित योग्यता को शिथिल कर सकेंगे।

**4. नियम एवं शर्तें:–**

1). आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप,कार्यालय प्राचार्य, अग्रणी शास.औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कवर्धा, ग्राम – तारो, खैरबना जिला–कबीरधाम (छ.ग. ) से प्राप्त किया जा सकता है या वेबसाईट kawardha.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन निर्धारित प्रारूप में स्वच्छ, स्पष्ट एवं सुवाच्यरुप से बिना कांट–छांट के पूर्ण आवेदन भरकर कार्यालय, प्राचार्य, अग्रणी,शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कवर्धा, ग्राम तारो, खैरबना जिला – कबीरधाम पिन कोड– 491995 (पत्र व्यवहार का पूर्ण पता पिन कोड सहित) केवल स्पीड पोस्ट से ही प्रेषित किया जाना है। आवेदक द्वारा लिफाफें के ऊपर व्यवसाय/विषय का नाम (जिस व्यवसाय/विषय हेतु आवेदन किया जा रहा है) एवं संस्था का नाम (जिस संस्था हेतु आवेदन किया जा रहा है) लिखना अनिवार्य है।

2). आवेदन करने से पूर्व नियम एवं निर्देशों को भली–भांति पढ़कर पूर्ण रुप से आवेदन भरकर स्पीड पोस्ट से ही प्रेषित/जमा करें। अपूर्ण ,अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जाएगें तथा इस संबंध में आवेदक को सूचना नहीं दी जाएगी।

3) निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय तक अग्रणी शास.आई टी आई ,कवर्धा, जिला–कबीरधाम के कार्यालय में स्पीड पोस्ट से प्राप्त आवेदनों पर ही अग्रिम कार्यवाही की जावेगी ।



प्राचार्य
शास.औ.प्रशि.संस्था,कवर्धा
जिला–कबीरधाम (छ.ग.)

4) आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र में आवेदक के हस्ताक्षर नही पाये जाने पर आवेदन को मान्य नही किया जावेगा।

5) आवेदन जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि को आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम नही होना चाहिये। आवेदक को छ.ग. राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। (प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी छ.ग.निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।)

6) संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ अटल नगर नवा रायपुर द्वारा मेहमान प्रवक्ता आमंत्रित करने हेतु अद्यतन जारी आदेश /निर्देशानुसार संबंधित पद हेतु प्रचलित सेवा भर्ती नियम में उल्लेखित तकनीकी योग्यता के प्राप्तांकों के मेरिट के आधार पर मेरिट/चयन/प्रतीक्षा सूचियां तैयार की जाएगी। चयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का आरक्षण लागू नही होगा । अनुभव आवश्यक नही है।

7). प्रचलित सेवा भर्ती नियम में जिन पदो के लिये सीटीआई /एटीआई आवश्यक है उन पदो के लिये संबंधित व्यवसाय में एक वर्षीय एकवर्षीय सी.टी.आई/ए.टी.आई (CITS/NCIC) प्रमाण पत्र धारी अभ्यर्थियों के तकनीकी योग्यता के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर चयन की कार्यवाही की जाएगी। CITS/NCIC प्रमाण पत्र धारी अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में निर्धारित तकनीकी योग्यताधारी आवेदकों के चयन की कार्यवाही उनके तकनीकी योग्यता के प्राप्तांकों के आधार मेरिट सूची तैयार कर कार्यवाही की जाएगी।

8) राज्य व्यावसायिक परीक्षा (एससीव्हीटी) उत्तीर्ण आवेदको को संबंधित व्यवसाय/विषय में राष्ट्रीयशिक्षुता प्रमाण पत्र (एनएसी) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र (एनएसी) प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

9) व्यवसाय स्टेनोग्राफर सेक्रेट्रियल असिस्टेंट (हिन्दी) एवं स्टेनोग्राफर सेक्रेट्रियल असिस्टेंट (अंग्रेजी) के लियें प्राप्त आवेदनों में शीघ्रलेखन में 100 शब्द प्रति मिनट गति वाले अभ्यर्थी उपलब्ध न हो तो संयुक्त संचालक स्वयं के स्तर पर निर्णय लेकर 80 शब्द प्रतिमिनट की गति की योग्यता वाले अभ्यर्थियों पर भी विचार कर सकेंगें। इन व्यवसायों हेतु प्राप्त आवेदकों की शीघ्रलेखन दक्षता परीक्षा ली जाकर नियमानुसार चयन की प्रक्रिया की जाएगी।

10) इसी प्रकार एम्प्लाएबिलिटी स्किल में प्राप्त आवेदनों में यदि निर्धारित योग्यता के अभ्यर्थी उपलब्ध न हो तो बीएड आदि के मामले में संयुक्त संचालक स्वयं के स्तर पर निर्धारित योग्यता को शिथिल कर सकेंगे।

11) विज्ञापित पदों की संख्या घटाई–बढ़ाई अथवा समाप्त की जा सकती है।

12). वांछित प्रमाण पत्रों एवं अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित आवेदन निर्धारित प्रारूप में केवल स्पीड पोस्ट डाक द्वारा ही निर्धारित तिथि एवं समय तक जमा किया जा सकता है। डाक द्वारा प्रेषित आवेदन नियत तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने पर संस्था जवाबदार नही होगी । नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जायेगा एवं वे स्वयमेव ही निरस्त हो जाएंगे।

13). आवेदक एक से अधिक पदों/एक से अधिक संस्थाओं हेतु आवेदन कर सकते है,,परंतु उन्हे इस हेतु पृथक–पृथक संस्थाओं/व्यवसायों/विषयों के लिये पृथक–पृथक आवेदन जमा करना होगा।

14). आवेदित पद हेतु अर्हकारी शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता होना आवश्यक है। (उनकी अंकसूची की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।)

15) चयन की कार्यवाही संबंधित व्यवसाय /विषय हेतु निर्धारित तकनीकी योग्यता के प्राप्तांको के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी।चयन सूची अग्रणी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कवर्धा जिला–कबीरधाम (छ.ग.) के सूचना पटल पर चस्पा की जाएगी।

16) संयुक्त संचालक (प्रशिक्षण) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थायें ,क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा मेरिट सूचियों का अनुमोदन पश्चात् ही नियमानुसार चयनित अभ्यर्थी को उनके द्वारा आवेदन में उल्लेखित मोबाईल/दूरभाष नं. पर ही दूरभाष द्वारा सूचना देकर प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराने हेतु मेहमान प्रवक्ता के



प्राचार्य
शास.औ.प्रशि.संस्था,कवर्धा
जिला–कबीरधाम (छ.ग.)

रुप में आमंत्रित किया जावेगा ।उन्हे दूरभाष पर ही आमंत्रण स्वीकार करना होगा , उन्हे किसी प्रकार का नियुक्ति पत्र जारी नही किया जावेगा ना ही दिया जावेगा।

17) शासन द्वारा नियमित / स्थानांतरित / संविदा कर्मचारी की पदस्थापना किये जाने की स्थिति में उन पदों पर आमंत्रित मेहमान प्रवक्ताओं की सेवाएं स्वतः समाप्त हो जायेगी।

18) मेहमान प्रवक्ता आमत्रित करने के दौरान शासन द्वारा नियमित / स्थानांतरित /संविदा कर्मचारी की पदस्थापना किये जाने की स्थिति में उन पदों पर आमंत्रित मेहमान प्रवक्ताओं की प्रकिया स्वतः समाप्त हो जायेगी।

19) मेहमान प्रवक्ताओं को प्रशिक्षण कार्य के लिए प्रति घण्टे 140 रूपये की दर से प्रति कार्य दिवस अधिकतम 5 घण्टे के मानदेय का प्रावधान है एवं प्रतिमाह,अधिकतम रुपये 15000 (अक्षरी पन्द्रह हजार रुपये) मानदेय देय होगा। जो कि समय-समय पर शासन द्वारा जारी दर के अनुसार परिवर्तनीय होगा।

20) आमंत्रित मेहमान प्रवक्ताओं को किसी भी प्रकार की अवकाश की पात्रता नही होगी।

21) यदि किसी आवेदक को मेहमान प्रवक्ता के रूप में एक से अधिक संस्थाओं / व्यवसायों / विषय के लिये आमंत्रित किया जाता है, तो किसी एक स्थान पर उपस्थित होने की स्थिति में उक्त आवेदक का उसी समय उसका शेष अन्य संस्थाओं / व्यवसायों / विषय पर चयन स्वयं निरस्त माना जावेगा।

22) चयन प्रक्रिया के पश्चात् मेहमान प्रवक्ता पद पर आमंत्रित आवेदक अपने कार्य पर उपस्थित होने पर आवेदन में दिये शपथ पत्र अनुसार 50 रुपये के स्टाम्प पेपर पर नोटरीकृत शपथ पत्र संबंधित संस्था में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

23) मेहमान प्रवक्ताओं द्वारा दिया जा रहा प्रशिक्षण संतोषप्रद नहीं होने या आचरण संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में सुनवाई का अवसर देते हेतु स्पष्ट कारण दर्शाते हुये प्रशिक्षण में जारी रखने अथवा पृथक करने का निर्णय प्राचार्य/ संस्था प्रमुख द्वारा लिया जा सकेगा।

24) मेरिट / चयन सूची अनुमोदन पश्चात् ही दूरभाष द्वारा सूचना के आधार पर मेहमान प्रवक्ता आमंत्रित कर प्रशिक्षण पूर्ण कराया जावेगा। किसी प्रकार की नियुक्ति पत्र नहीं दिया जावेगा।

25) चयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में संयुक्त संचालक (प्रशिक्षण), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थायें, क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग का निर्णय अनंतिम एवं बंधनकारी होगा।

23/09/2025

प्राचार्य
अग्रणी शास. औद्यो. प्रशिक्षण संस्था, कवर्धा
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

------00------

आवेदन का प्रारुप

# मेहमान प्रवक्ता हेतु आवेदन–पत्र

1.शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था का नामः–..........................................................
(जिस संस्था के लिए आवेदन प्रस्तुत कर रहे है।)

2. व्यवसाय/विषय का नामः–..........................................................
(जिस व्यवसाय/विषय के लिए आवेदन प्रस्तुत कर रहे है।)

आवेदक अपना स्वप्रमाणित पासपोर्ट साइज फोटो चस्पा करें।

प्रति,

प्राचार्य,
अग्रणी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कवर्धा,
जिला–कबीरधाम (छ.ग.)
पिन कोड–491995

1. आवेदक का नाम :..........................................................
2. पिता/पति का नाम :..........................................................
3. माता का नाम :..........................................................
4. जन्मतिथि (अंको में) :..........................................................
(शब्दों में) :..........................................................
5. आवेदक की श्रेणी :..........................................................
(सामान्य/अनु.जाति/अनु.जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग)
6. पत्र व्यवहार का पूर्ण पता . :..........................................................
:..........................................................
:..........................................पिन कोड..............................
7. दूरभाष /मोबाईल नं. :..........................................................
8. ई–मेल आईडी :..........................................................
9. स्थाई निवास का पूरा पता :..........................................................
:..........................................................
:.......................................... पिन कोड..............................

10. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता –

| क्र | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | मंडल /बोर्ड/ वि.वि.का नाम. | विषय/ व्यवसाय का नाम | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |



प्राचार्य
शास.औ.प्रशि.संस्था,कवर्धा
जिला–कबीरधाम (छ.ग.)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

09\. क्या आप संबंधित व्यवसाय/विषय से एकवर्षीय सी.टी.आई/ए.टी.आई (सीआईटीएस/एनसीआईसी) प्रमाण पत्र धारी है? (हॅा/नही) ::..................................................

यदि हां तो उसकी **अंकसूची/प्रमाण पत्र** की छायाप्रति संलग्न करें ।

10\. क्या आप हल्के मोटरयान (एल.एम.व्ही.) का वैद्य (परमानेंट) लाईसेंस धारी है? (हॅा/नही) ::..................................................

यदि हां तो प्रमाण पत्र (**वैद्य परमानेंट लाईसेंस**) की छायाप्रति संलग्न करें

नोटः–1. प्रत्येक संस्था/व्यवसाय/विषय के लिए पृथक–पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जावे।

2\. आवेदन जिला–अग्रणी संस्था के नाम के पते पर स्पीड पोस्ट डाक द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय तक प्रस्तुत कर सकते है।

3\. आवेदन के साथ प्रमाण पत्रों एवं अंकसूचियों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें ।

4\. छ.ग. का मूल निवासी होने का प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की छायप्रति संलग्न करें।

दिनांकः–................................

स्थानः.....................................

आवेदक के हस्ताक्षर..........................................

पूरा नाम..................................................

पूरा पता..................................................

..................................................

मोबाईल नम्बर..................................................

प्राचार्य
शास.औ.प्रशि.संस्था,कवर्धा
जिला–कबीरधाम (छ.ग.)

# //शपथ पत्र//

**मैं (आवेदक का नाम)......................................................पिता/पति.............................................................**

**पता......................................................यह शपथ प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ कि:–**

1. मैं संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण, छ.ग.रायपुर द्वारा निर्धारित किया गया एवं समय–समय पर संशोधित/लागू मानदेय प्राप्त करूंगा/करूंगी ।
2. मेरे द्वारा उपरोक्त प्रस्तुत की गई जानकारी एवं सभी प्रस्तुत/संलग्न प्रमाण–पत्र सही एवं सत्य है । यदि मेरे द्वारा दी गई जानकारी अथवा प्रस्तुत/संलग्न प्रमाण पत्र गलत पाये जाते है तो किसी भी प्रकार की कार्यवाही के लिए मैं स्वयं जिममेदार रहूंगा/रहूंगी।
3. मैं कभी नियमित पद हेतु दावा नहीं करूंगा/करुंगी तथा मेरा यह चयन आवश्यकतानुसार या इस सत्र के लिए या नियमित/संविदा कर्मचारी की पदस्थापना होने तक रहेगा/रहेगी। इसके लिए मैं सहमत हूँ ।
4. मैं संस्था में प्राचार्य/अधीक्षक या संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार कार्य करूंगा/करूंगी।
5. मैं एक से अधिक संस्था/व्यवसाय/विषय में चयनित होने की स्थिति में एक ही संस्था /व्यवसाय/विषय में प्रशिक्षण कार्य हेतु उपस्थित हो जाऊंगा/जाऊंगी तथा उसी समय मेरा शेष अन्य संस्था/व्यवसाय/विषय के लिये चयन स्वयमेव निरस्त हो जावेगा।
6. मैं किसी भी प्रकार के अपराधिक प्रकरण में संलिप्त नहीं हूं अथवा यदि मेरे विरुद्ध किसी भी प्रकार का अपराधिक प्रकरण में संलिप्तता अथवा दाण्डीक अथवा अनुशासनहीनता की जानकारी बाद में भी प्राप्त होने पर मुझे मेहमान प्रवक्ता के कार्य से हटा दिया जावेगा जो मुझे मान्य होगा।
7. मैं शासन एवं संस्था के समस्त आदेशों /निर्देशों तथा नियमों का पालन करने बाध्य रहूंगा/रहूंगी।

संलग्न–1.————————————— 2.————————————

3.————————————— 4.————————————

5.————————————— 6.————————————

7.————————————— 8.————————————

9.————————————— 10.————————————

दिनांकः–.................................

स्थानः......................................

आवेदक के हस्ताक्षर..............................................

पूरा नाम.......................................................

पूरा पता........................................................

.......................................................................

मोबाईल नम्बर..................................................

प्राचार्य
शास.औ.प्रशि.संस्था,कवर्धा
जिला–कबीरधाम (छ.ग.)